(i) 'अरे, तूने यह क्या बना रखा है ?'–मैं नजदीक बढ़कर देखने लगा । देखा, निकट के पोखरे से गीली-चिकनी मिट्टी लाकर वह तरह-तरह के खिलौने बनाए हुई है । खेत से सरसों, चना-मटर वगैरह के फूल ले आकर उन खिलौनों को खूब सजा रखा है उसने । खिलौनों की खास शक्लें तो थीं नहीं; हाँ, आदमी के-से आकार, जो रंग-बिरंगे फूलों से सजे होने के कारण जरूर ही भले दीखते थे । मैंने पूछा–'यह क्या है ?' वह कुछ शर्माई । 'आप मारिएगा नहीं न, तो बताऊँ !'

(ii) अतिसार क्यों हुआ ?–इधर खाने-पीने में दिक्कत थी । कई जून का भूखा था । एक सज्जन शकरकंद खोद रहे थे, उनके पास हँसते हुए गया और हँसी-हँसी में कच्चे शकरकंद पेट भर ठूँस लिये । शकरकंद पचे नहीं, दस्त खुल गये, बुखार दौड़ आया । वह अर्द्धचेतन पड़ा है, कभी-कभी मुश्किल से आँखें खुलती हैं । आँखें–जो बिल्कुल धँस कर कोटर नहीं, गह्वर में चली गई हैं ।

No. of Printed Pages : 05 Roll No. .....

51692

M.A. Hindi EXAMINATION, 2026

(Fourth Semester)

(Re-appear Only)

हिन्दी की नव्यतर गद्य विधाएँ

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : 70*

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

खण्ड 'क'

नोट : प्रत्येक इकाई से **एक** आलोचनात्मक प्रश्न का चयन करते हुए, कुल **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **3×16=48**

इकाई I

1. 'आवारा मसीहा' जीवनी की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।

2. 'आवारा मसीहा' जीवनी के आधार पर 'शरतचन्द्र' के चरित्र की विशेषताएँ बताइए ।

3. 'आवारा मसीहा' जीवनी में नारी की स्वतन्त्रता को महत्व दिया है, स्पष्ट कीजिए ।

इकाई II

4. घीसा के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

5. 'स्फीति में बारिश' यात्रा-वृत्तांत की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए ।

6. 'युद्ध-यात्रा' रिपोर्ताज भारतीय सैनिकों के बलिदान एवं वीरता की गाथा है, उदाहरण सहित बताइए ।

खण्ड 'ख'

नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर **250** शब्दों में दीजिए । **4×4=16**

1. 'आवारा मसीहा' एक प्रामाणिक जीवनी कैसे है, स्पष्ट कीजिए ।

2. 'आवारा मसीहा' दलित एवं शोषित वर्ग की आवाज है, उदाहरण सहित समझाइए ।

3. सावित्री देवी के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4. 'घीसा' रेखाचित्र का प्रमुख विषय क्या है ?

5. स्फीति अन्य पर्वतीय क्षेत्रों से किस प्रकार भिन्न है, स्पष्ट कीजिए ।

6. 'विदापत नाच' रिपोर्ताज के प्रमुख सामाजिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए ।

खण्ड 'ग'

नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **2×8=16**

(iii) उस रात यह बात ज्यादा आगे नहीं बढ़ी .....उनकी गम्भीरता के बावजूद, मैं उसे ज्यादा गम्भीरता से नहीं ले सका । भारत से यूरोप आना भी मुझे इतना असम्भव नहीं लगा था, जितना आइसलैण्ड जाने की कल्पना करना । मेरे लिए आइसलैण्ड की यात्रा 'आउटर स्पेस' को छूने से कम चमत्कारपूर्ण नहीं थी । इसके बाद कौन कह सकेगा कि हमारे युग में चमत्कार नहीं होते । कम-से-कम मैं उनपर विश्वास करने लगा हूँ ।

(iv) जमीन, दुकानें, लोगों की परिचित आवाजें और पुराने गिरजे–लगा जैसे हम एक लम्बी मुद्दत के बाद सभ्यता की दुनिया में वापस लौट आये हैं । यद्यपि हम जहाज से उतरकर ठोस ध रती पर चलने लगे थे, हमें देर तक यही महसूस होता रहा जैसे हम शराबियों की मानिन्द किसी डोलती, डगमगाती चीज पर चल रहे हों । समुद्र अब भी हमारे संग था ।

❖❖❖❖❖❖❖

(iii) उस रात यह बात ज्यादा आगे नहीं बढ़ी .....उनकी गम्भीरता के बावजूद, मैं उसे ज्यादा गम्भीरता से नहीं ले सका । भारत से यूरोप आना भी मुझे इतना असम्भव नहीं लगा था, जितना आइसलैण्ड जाने की कल्पना करना । मेरे लिए आइसलैण्ड की यात्रा 'आउटर स्पेस' को छूने से कम चमत्कारपूर्ण नहीं थी । इसके बाद कौन कह सकेगा कि हमारे युग में चमत्कार नहीं होते । कम-से-कम मैं उनपर विश्वास करने लगा हूँ ।

(iv) जमीन, दुकानें, लोगों की परिचित आवाजें और पुराने गिरजे–लगा जैसे हम एक लम्बी मुद्दत के बाद सभ्यता की दुनिया में वापस लौट आये हैं । यद्यपि हम जहाज से उतरकर ठोस ध रती पर चलने लगे थे, हमें देर तक यही महसूस होता रहा जैसे हम शराबियों की मानिन्द किसी डोलती, डगमगाती चीज पर चल रहे हों । समुद्र अब भी हमारे संग था ।

❖❖❖❖❖❖❖